भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3985**
जिसका उत्तर सोमवार 28 मार्च, 2022/07 चैत्र, 1944 (शक) को दिया गया

**स्टैंड-अप इंडिया योजना**

3985. श्री एन. रेड्डप्पः
श्री नंदीगम सुरेशः
श्री पी. वी. मिधुन रेड्डीः
डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में स्टैंड-अप इंडिया योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या मंत्रालय लाभार्थियों को अपना व्यवसाय बढ़ाने के लिए उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान करता है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

**(क) से (ग):** विगत तीन वर्षों के दौरान और चालू वित्तीय वर्ष में 28.02.2022 तक आंध्र प्रदेश राज्य में स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत 787.81 करोड़ रुपए की राशि के कुल 3,248 ऋण प्रदान किए गए हैं। इस योजना के तहत स्वीकृत ऋणों का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैः

| | | (राशि करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष (वि.व.) | खातों की संख्या | स्वीकृत की गई राशि |
| 2018-19 | 1,362 | 347.92 |
| 2019-20 | 913 | 230.58 |
| 2020-21 | 469 | 106.41 |
| 2021-22 28.02.2022 तक | 504 | 102.9 |
| कुल | 3,248 | 787.81 |

भावी उधारकर्ताओं को ऋणों के लिए बैंक से जोड़ने के अतिरिक्त, स्टैंड अप इंडिया योजना के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा विकसित www.stanupmitra.in बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार, संभावित उद्यमियों को व्यावसायिक उद्यम स्थापित करने के लिए प्रशिक्षण से लेकर ऋण आवेदन भरने तक के प्रयासों में मार्गदर्शन कर रहा है। भावी उधारकर्ताओं को निर्दिष्ट विशेषज्ञता के साथ विभिन्न एजेंसियां नामतः कौशल केन्द्र, संरक्षण सहायता, उद्यमिता विकास कार्यक्रम केंद्र, जिला उद्योग केन्द्र से जोड़ने के लिए यह पोर्टल 8000 से अधिक पारस्परिक सहयोग एजेंसियों (हैंड होल्डिंग एजेंसियों) के नेटवर्क के माध्यम से पते और संपर्क नंबर के साथ चरण-दर-चरण मार्गदर्शन की सुविधा प्रदान करता है।

*****